## खबर संक्षेप

### 9 जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

**उमरिया।** जिले के चंदिया थाना अंतर्गत 02 जुलाई की रात पुलिस के मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तेन्दुहा में मंगल कोल के खेत में बने घर के पास कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम तैयार कर ग्राम तेन्दुहा रवाना की गई, टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचकर रेड कार्यवाही की गई, जहां पर करीब 09 लोग टार्च की रोशनी में जुआ खेलते हुये दिखे, पुलिस टीम को देख कर भाग खड़े हुये मौके पर महेन्द्र श्रीवास्तव निवासी चंदिया को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में बताया कि मेरे साथ-साथ इस्माइल खान, स्वप्निल चतुर्वेदी, राजू चौबे, मुकेश गुप्ता, आनंद कुमार त्यागी, राजेश राय, प्रीतम मिश्रा एवं विनोद मरावी भी जुआ खेल रहे थे, जो कि पुलिस टीम को देखकर भाग गये। मौके पर से 01 मोबाइल, 01 कार, 02 मोटरसायकिल, 01 स्कूटी, 01 टार्च, 8300 रूपये नगद एवं 52 ताश के पत्ते जप्त कर सभी के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर नियमानुसार कार्यवाही की गई है।

### धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित होंगे शिविर

**शहडोल।** धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत जनजाति समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ पहुंचाने जिले के चिन्हित ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्रामों में जागरूकता एवं लाभ संतृप्त शिविर तिथिवार आयोजित किए जा रहे हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा ने बताया कि 05 जुलाई तक जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत अंतर्गत चिन्हित ग्रामो मे पडमानिया कला, पतखई, पोंगरी, छाता, सामतपुर, कोदवाखुर्द, चांपा, कठौतिया, देवगंवा, जरवाही, कटहरी, सिमरिहा, देवगईं, दूधी जोधपुर, जुगवारी, नवलपुर, नरगी,पड़रिया, नरवार, कुंवरसेजा में शिविर आयोजित होंगे।

### तालाब में डूबने से नाबालिग की मौत

**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के सेझहाई तालाब में मंगलवार दोपहर नहाने गई तीन बहनें गहरे पानी में डूब गईं। हादसे में दो बहनों को समय रहते बचा लिया गया, लेकिन 9 साल की रोशनी सिंह गोंड अब भी लापता है। खबर है कि रोशनी अपनी मां राधा और दो बहनों के साथ तालाब में नहाने गई थी। नहाते समय तीनों बहनें गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। यह देखकर मां राधा ने शोर मचाया, जिस पर आस-पास के ग्रामीण मदद के लिए दौड़े। स्थानीय लोगों ने दो बहनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन रोशनी का कुछ पता नहीं चल सका। ग्रामीणों ने बताया कि हालिया बारिश के कारण तालाब की गहराई बढ़ गई है, जिससे रोशनी गहरे पानी में चली गई और वह डूब गई। जैतपुर थाना प्रभारी जिया उल हक ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से तालाब में तलाश की गई, लेकिन रोशनी का कोई सुराग नहीं मिला। एसडीआरएफ को सूचित कर दिया गया है। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे बरसात के मौसम में बच्चों को जलाशयों के पास अकेले न भेजें। यह तालाब नहाने के लिए अक्सर ग्रामीणों द्वारा उपयोग में लाया जाता है, लेकिन इसकी गहराई इसे खतरनाक बनाती है।

### 10 जुलाई तक विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया

**शहडोल।** कुलगुरू पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय प्रो. रामशंकर ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्नातक (बी.ए., बी.एससी.), स्नातकोत्तर (एम.ए., एम.एससी.) एवं विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में तृतीय चरण प्रगति पर है। इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के कैरियर निर्माण को ध्यान में रखते हुए कुछ नवीन और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की शुरुआत भी की गई।

# ब्यौहारी में जलभराव से दुकानों में घुसा पानी



**शहडोल।** मानसून की दस्तक से जहां लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली है, वहीं लगातार बारिश की वजह से मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। नगरीय क्षेत्रों में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के पहले जो व्यवस्थाएं बनाई गई थी, वह नाकाफी साबित हो रही हैं। बारिश होने के साथ ही नगर के कई मार्ग तालाब में तब्दील हो जा रहे हैं। पानी निकासी न होने से सडक़ किनारे बनी दुकानों में पानी भरने लगा है, इस वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ब्यौहारी नगर परिषद क्षेत्र के चुंगी नाका क्षेत्र में जलभराव की स्थिति विकराल हो गई है।

## बारिश बनी अभिशाप



### दुर्घटना की आशंका

बारिश के चलते नगर परिषद ब्यौहारी के चुंगी नाका के सडक़ में पानी भरता है, दुकानों में पानी घुसता है, नाली जाम है, जिससे व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक, सडक़ किनारे नालियां पूरी तरह जाम हैं, जिससे बारिश का पानी सडक़ों से बहकर सीधे दुकानों और घरों में घुस रहा है। नतीजतन व्यापार प्रभावित हो रहा है और दुकानदारों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। मौके से ली गई तस्वीर में स्पष्ट है कि किस तरह सडक़ पर गाडिय़ों और पशुओं के साथ-साथ लोगों को भी पानी में चलने को मजबूर होना पड़ रहा है। राहगीरों को घुटनों तक पानी में चलना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है।

### सामान्य से अधिक हो रही वर्षा

जिले में इस वर्ष अब तक कुल 162.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 जून को जिले में 11.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सोहागपुरः 126 मिमी, बुढ़ारः 104 मिमी, गोहपारूः 131 मिमी, जैतपुरः 257 मिमी, चन्नौड़ीः 251 मिमी, ब्यौहारीः 112 मिमी, जयसिंहनगरः 157 मिमी पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में 123 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी, यानी इस बार सामान्य से अधिक वर्षा हो रही है।



### प्रशासन मौन, जनता परेशान

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने नगर परिषद से मांग की है कि नालियों की सफाई तत्काल की जाए और जलभराव की समस्या से स्थायी समाधान के लिए योजना बनाई जाए, लेकिन अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। जहां एक ओर बारिश खरीफ के फसलों के लिए वरदान साबित हो रही है, वहीं नगर की लचर जल निकासी व्यवस्था ने नगरवासियों की परेशानी को दोगुना कर दिया है। यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले दिनों में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।



## वार्डों की गलियों में फैली गंदगी




**शहडोल।** शहर के गली-मोहल्लों में नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होने के कारण कूड़ा-कचरा का ढेर लगा है, घर-घर कूड़ा संग्रह भी नहीं किया जा रहा है, ऐसे में लोग जहां-तहां कूड़ा- कचरा फेंक रहे हैं, चौक-चौराहों से लेकर मोहल्लों में जगह-जगह कूड़ा करकट का अंबार लगा हुआ है, संभागीय मुख्यालय के सब्जी मंडी की एक गली है, जो सीधा दुर्गा मंदिर के पट तक पहुंचती है, इस गली से लोगों का आना-जाना लगा रहता है, श्रद्धालु सुबह शाम इस मार्ग से होकर जाते हैं, आस-पास के व्यापारी इस कचरे की समस्या से कई वर्षों से जूझ रहे हैं, कचरे की वजह से इतनी बदबू बाजार में फैल रही है, जिससे आस-पास के व्यापारियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, कुछ दुकानदारों का कहना है कि कई बार वार्ड पार्षद से भी इस बात की शिकायत की गई, मौखिक रूप से पार्षद का कहना है कि कुछ माह में यहां टाइल्स लगवा देंगे, लेकिन इस समस्या से व्यापारियों को राहत नहीं मिल पा रही है और आने-जाने वाले लोगों के लिए भी काफी समस्या खड़ी हो रही है। नगर के विभिन्न वार्डों में कई गलियां ऐसी हैं, जहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसे नगर पालिका के अधिकारियों ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है। वार्डवासी कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। गौरतलब है कि नगरपालिका द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया था और लोगों से अपील की गई थी कि गंदगी न फैलाएं, लेकिन हकीकत में नगर पालिका में केवल दिखावे के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जाता है।

## कारोबारी विवेक ने धनपुरी नपा पर लगाये भ्रष्टाचार के आरोप



**धनपुरी।** नगर के प्रतिष्ठित खण्डेलवाल के युवा कारोबारी विवेक उर्फ नब्बू खण्डेलवाल ने सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफार्म पर नगर पालिका धनपुरी के कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है, बुधवार की शाम करीब 5 बजे विवेक खण्डेलवाल ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट से धनपुरी नगर पालिका में भवनों का कर वसूलने वाले विभाग पर कर की राशि शासन के खाते में जमा न करके अपने जेबे भरने का आरोप लगाया है। श्री खण्डेलवाल ने नगर पालिका के रजिस्टर का छायाचित्र भी वॉयरल किया है, जिसमें उन्होंने यह दावा किया है कि उनसे भवन कर के रूप में ली गई राशि नपा के खाते में जमा न करके हेराफेरी की गई है। यह भी आरोप हैं कि उनका मामला तो महज एक बानगी है, पालिका में भवनों तथा अन्य रूप में कर वसूलने वाला विभाग, वसूली गई राशि से अपनी जेबे भर रहा है और जनता परेशान है।



### उपाध्यक्ष के भतीजे ने बताया लूट

विवेक खण्डेलवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनसे दुकान का किराया 01 अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक पेनाल्टी के साथ लिया गया, यह राशि नगर पालिका के खाते में जानी चाहिए थी, वसूली का कार्य देखने वाले रज्जन नामक कर्मचारी ने कारोबारी को बताया कि उनका पैसा जमा नहीं हुआ है, दोबारा पुरानी रसीदें मांगी जाती है, न मिलने पर किराया न जमा करने का उल्लेख किया जाता है, श्री खण्डेलवाल ने सोशल मीडिया एकाउण्ट पर इस पूरे गडबड़झाले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी की भी मिलीभगत का उल्लेख करते हुए न सिर्फ उच्च स्तरीय जांच की मांग की है, बल्कि यह आरोप भी लगाये हैं कि इस तरह नगर पालिका पूरे धनपुरी नगर को लूट रही है। गौरतलब है कि विवेक खण्डेलवाल कांग्रेस नेता और नपा उपाध्यक्ष हनुमान खण्डेलवाल के भतीजे भी हैं।



## शहडोल में चल रहा अतिक्रमण हटाओ, फुटपाथ बचाओ अभियान



**शहडोल।** मंगलवार को शुरू हुई नगर पालिका की अतिक्रमण हटाओ, फुटपाथ बचाओ अभियान दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा, इस दौरान गांधी चौक से लेकर बुढ़ार चौक मार्ग पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका की टीम सडक़ पर उतरकर अतिक्रमण को हटवाना शुरू किया। संभागीय मुख्यालय में दुकानों के आगे बने फुटपाथ पर दुकानदारों ने शैड लगाकर स्थाई रूप से कब्जा किया हुआ है। फुटपाथ पर पैदल चलने के लिए कोई जगह न होने के कारण राहगीरों को चलते सडक़ पर से गुजरना पड़ता है। जहां हर वक्त तेज रफ्तार से आ रहे वाहनों से हादसा होने का भय बना रहता है। संभागीय मुख्यालय के न्यू गांधी चौक से जयस्तंभ चौक, न्यू गांधी चौक चौक से बुढ़ार चौक, बुढ़ार चौक से रीवा होटल, बुढ़ार चौक से बस स्टैण्ड, न्यू गांधी चौक से रेलवे स्टेशन रोड, न्यू गांधी चौक से सब्जी मण्डी सहित लगभग हर क्षेत्र में दुकानदारों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है, बीते माहों में नगर पालिका का अमला सब्जी मण्डी में अतिक्रमण हटाने के लिए निकला था, लेकिन आधी-अधूरी कार्यवाही कर लौटना पड़ा था, जहां तक कार्यवाही हुई थी, वह एक बार फिर से अतिक्रमण हो चुका है। दुकानदारों ने फुटपाथ पर अपना समान न सजा रखा हो। ऐसे में चौड़ी सडक़ों के सकरा जाने से हर वक्त जाम की स्थिति भी बनी रहती है, बुधवार को नगर पालिका के अमले द्वारा अतिक्रमण हटाने के साथ दुकानदारों को चेतावनी दी कि फुटपाथ से कब्जा हटाया जाये, नहीं तो आने वाले दिनों में सामान की जब्ती भी की जायेगी, हालाकि नपा कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के खिलाफ यह मुहीम निरंतर जारी रहेगी, अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही करने के दौरान नगर पालिका कर्मचारियों से कुछ दुकानदारों ने बहसबाजी भी की।

## वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए कमिश्नर कार्यालय में बैठक हुई संपन्न




**शहडोल।** कमिश्नर कार्यालय के सभागार में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से जुड़े तीनों जिलों उमरिया, शहडोल और अनूपपुर के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संभागायुक्त ने की। बीते वर्ष दर्जनों हाथियों की मौत का कारण बना 'कोदो का फंगस' दोबारा किसी वन्य जीव के लिए खतरा न बने। पिछले साल जंगलों में कुछ हाथियों की रहस्यमयी मौत ने वन विभाग को सकते में डाल दिया था। जांच में कोदो पर लगी जहरीली फंगस को जिम्मेदार माना गया था। इसी को लेकर अब सतर्कता और बचाव की रणनीति तय की जा रही है। बैठक में वन विभाग, पशु चिकित्सा, कलेक्टर, एसपी, डॉक्टर, कृषि वैज्ञानिक और पर्यावरण विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने जंगल में समय पर निगरानी, फसल की जांच और हाथियों की मूवमेंट पर विशेष निगाह रखने की बात कही।

इस बार मॉनिटरिंग के लिए विशेष मेडिकल टीम और फील्ड पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। हाथियों के लिए बनाए जा रहे सुरक्षित कॉरिडोर और पानी-खाद्य की व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है। टाइगर रिजर्व के प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारा मकसद है कि इस बार किसी भी वन्य जीव की मौत न हो, खासकर हाथियों को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। हम फसलों और जंगल की वनस्पतियों की नियमित जांच भी कर रहे हैं, जिससे फंगस या कोई विषैला तत्व वन्य जीवों तक न पहुंचे। बैठक में यह भी तय किया गया कि वन क्षेत्रों में कोदो जैसी फसलों की बारीकी से निगरानी की जाएगी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की जैव विविधता और हाथियों जैसे विशाल जीवों की रक्षा के लिए यह बैठक मील का पत्थर साबित हो सकती है। अब देखना होगा कि क्या धरातल पर इन रणनीतियों का असर नजर आता है। या महज दिखावा के लिए ही यहां बैठक रखी गई है।

## स्टेट बैंक में डिजिटल पेंशनर मीट हुई आयोजित

**शहडोल।** स्टेट बैंक में 70 वां स्थापना दिवस का कार्यक्रम 01 जुलाई को सायं 5 बजे डिजिटल एवं पेंशन मीट का वृह्द कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें स्टेट बैंक शहडोल के क्षेत्रीय प्रबंधक राज कुमार मंडल, मुख्य प्रबंधक धीरम कुमार एवं सेवा प्रबंधक वैभव कुमार, पीयूष पाण्डेय, पेंशन लोन आफीसर एवं संपूर्ण बैंक का स्टॉफ तथा मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिक व पेंशनर के सुझाव लिये गये। 6 बिन्दुओं की जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधक एवं स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक धीरज कुमार द्वारा दी गई। पेंशनर हित व दिव्यांगहित ग्राहियों की सुविधा को देखते हुए मांग



पत्र स्वीकार किया गया। अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रबंधक राजकुमार मंडल, ब्रांच मैनेजर धीरज कुमार एवं परिष्ठ समाजसेवी संतोष पाण्डेय, एस.के. नामदेव, परमानंद तिवारी एवं रविकरण त्रिपाठी द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर आवश्यक जनहित में मांग रखी। आवश्यक सुझाव को मुख्य प्रबंधक धीरज कुमार द्वारा सहर्ष स्वीकार किया जाकर निराकृत किया, अंत में रविकरण त्रिपाठी वरिष्ठ समाज सेवी द्वारा टीम के साथ क्षेत्रीय प्रबंधक राजकुमार मंडल, धीरज कुमार को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।

**खबर संक्षेप**

## बरबसपुर परिसर में किया गया पौधरोपण



**उमरिया।** विश्व चिकित्सक दिवस के अवसर पर उपस्वास्थ्य केंद्र बरबसपुर परिसर में जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ एस बी चौधरी द्वारा मधुमती मालती का पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर एलोवीरा का पौध रोपण किया गया । कार्यक्रम में सुश्री अंजुम आलिया खान , रोशनी बैगा एएनएम, सावित्री कोल सेक्टर सुपरवाइजर, आशा पर्यवेक्षक सरोज दहिया, आशा कार्यकत्रा रोशनी तिवारी और कल्पना तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से नागफनी व अन्य पौधे रोपित किया गए। पौधरोपण कार्यक्रम के पश्चात नियमित टीकाकरण का निरिक्षण किया गया। नव विवाहित दम्पतियों को शासन की गाइड लाइन के अनुसार नई पहल किट आशा कार्यकर्ताओ के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये, साथ ही हर 15 दिवस में गर्भवती महिलाओं तथा उनकी सास के साथ सम्मेलन कर परिवार नियोजन के अस्थाई संसाधनों की उपयोगिता तथा प्रभावी गुणवत्ता के विषय में नियमित चर्चा कर सामुदायिक पहुँच बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**उमरिया।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय उमरिया में आज नव प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पुष्प वर्षा एवं तिलक कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य डॉ. विमला मरावी ने कहा कि नवप्रवेशी विद्यार्थी नई ऊर्जा और आशा के प्रतीक हैं। उच्च शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का भी माध्यम है। कॉलेज उन्हें बहुआयामी विकास का अवसर देता है। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकड़े ने कहा कि छात्र जीवन की नींव जितनी सशक्त होगी, भविष्य उतना ही उज्जवल होगा। महाविद्यालय परिवार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित है। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गीत, कविता और नृत्य ने सभी को भावविभोर कर दिया।वरिष्ठ विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों व छात्र सुविधा केंद्रों की जानकारी साझा की।मेरी पहली क्लास विषय पर नवागंतुकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए आत्मीयता का परिचय दिया।इस आयोजन में डॉ.पी.डी. रावत, डॉ. रमेश प्रसाद, डॉ. सतीश वर्मा,ऋषिराज पुरवार, डॉ. कीर्ति तवारी, डॉ. प्रमोद तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद पटेल एवं समस्त प्राध्यापकगण, प्रशासनिक कर्मचारी, छात्र-छात्राएँ और अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरविंद शाह बरकड़े द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रज्विला सिंह बघेल ने किया।यह आयोजन न केवल स्वागत का अवसर रहा, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर शिक्षा के प्रति उत्साह और संस्थान के प्रति जुड़ाव को भी मजबूत करता है।

## जमीन को लेकर विवाद

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत मोहरी गांव में रहने वाले छोटे लाल के साथ भतीजे मोहन एवं भारत सिंह के द्वारा जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए मारने की धमकी दी गई है। बताया जाता है कि छोटे लाल खेती किसानी के कार्य करने खेत गया जहां दोनों भतीजो द्वारा विवाद करते हुए अभद्रता करने के साथ धमकाया भी गया। आसपास रहने वाले लोगों के द्वारा मामले को शांत कराया गया। वीडियो विवाद के बाद चाचा छोटेलाल ने दोनों भतीजे के खिलाफ शिकायत दिया। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को बुलाते हुए जांच कर रही है।

### एफआईआर को निरस्त कराने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ झूठे तथ्यों पर दर्ज हुआ अपराधः सुभाष

**शहडोल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज झूठी एफआईआर को निरस्त कराने जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व मे जिला कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर विभिन्न धाराओ के अंतर्गत झूठे तथ्यों के आधार पर एफआईआर 27 जून दर्ज की गई है, जिसमें उल्लेखित किया गया है कि गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी निवासी ग्राम मूडरा थाना मुंगावली जिला अशोकनगर के साथ सरपंच के पुत्र विकास एवं उनके साथ उनकी मोटर साईकिल छीन ली गई है, साथियों द्वारा दोनो लोधी भाईयों के साथ मारपीट की गई है, उक्त घटना के संबंध में 25 जून को कांग्रेस के कार्यक्रम के दौरान भेंट कराई गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि श्री पटवारी ने गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी पीड़ित भाईयों को यह समझाया कि यह कहना कि तुम्हे मारपीट के साथ-साथ मानव मल भी खिलाया गया है, यदि ऐसा कहोगे तब मोटर सायकल भी दूंगा तथा परिवार का ध्यान भी रखूंगा । उक्त घटनाक्रम के वार्तालाप को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा घटना के विवरण का वीडियो वायरल किया गया।



### डराधमका कर लिया शपथ पत्र

उक्त घटनाक्रम का वीडियों वायरल होने पर कलेक्टर अशोकनगर द्वारा पीड़ित लोधी बंधुओं को तलब किया गया एवं मानव मल खिलाने की शर्मनाक घटना से उनके जिले की बदनामी रोकने के उद्देश्य से डरा धमकाकर पीड़ित व्यक्तियों से शपथ पत्र लिया गया, जिसमें उक्त घटनाक्रम के संबंध में लिखा गया जो कि पुलिस में दर्ज एफआईआर में उल्लेखित है। आश्चर्य की बात यह है कि उन परिस्थितियों की जांच होनी चाहिए कि 25 जून को पीड़ित व्यक्तियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को अपनी शिकायत दर्ज कराई हो और उसके दूसरे दिन 26 जून को वह बिना किसी कारण के कैसे कलेक्टर अशोकनगर को शपथ पत्र दे सकते हैं कि मानव मल खिलाने का स्टेटमेंट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के कहने पर दिया गया है, यह राजनीतिक द्वेष भावना से किये जाने वाला षडयंत्र है।

### साजिशकर्ता मानकर दर्ज की एफआईआर

25 जून को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ पीड़ित लोधी बंधुओं द्वारा की गई शिकायत का वीडियों वायरल होने पर कलेक्टर द्वारा डरा धमका कर गलत शपथ पत्र लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अपराधी साजिश करना धर्म जाति के आधार पर आपत्ति दुश्मनी को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक होना, झूठे तथ्यों को सच के रूप में प्रस्तुत करना और सार्वजनिक उपद्रव फैलाने के लिए साजिशकर्ता मानकर एफआईआर दर्ज की गई। आश्चर्य कि बात यह है कि 25 जून को ग्राम मुडरा निवासी गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी जिनके साथ गांव के दबंग सरपंच पुत्र द्वारा अपने साथियों के साथ मारपीट की, जिसके लिए शिकायत होने पर भी उन्हें न्याय ना मिलने पर उनके द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से संपर्क स्थापित कर अपनी शिकायत दर्ज कराई गई ।

### नहीं की गई साजिश

चूंकि जीतू पटवारी राजनीतिक तौर पर विपक्षीय दल के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उनका एवं प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि वह प्रदेश में हो रहे व्यक्तियों के साथ अन्याय, अत्याचार को रोकने के लिए आवाज उठाए, पीड़ितों की मदद करें, उनके द्वारा ऐसा ही कर्तव्य निभाया गया है ना कि ऐसी कोई साजिश की गई, जैसा कि पुलिस ने अपनी एफआईआर में उल्लेखित किया है। श्री पटवारी द्वारा वायरल किये गए वीडियो को स्पष्ट तौर पर देखा एवं सुना जा सकता है, जिसमें पीड़ित लोधी बंधु रोते-बिलखते हुए अपनी शिकायत करा रहे है और न्याय दिलाने की गुहार कर रहे हैं, ऐसे में कैसे उक्त अपराध निर्मित हो गया है, जिसकी एफआईआर दर्ज की गई है।

### निरस्त हो एफआईआर

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता सहित जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरूद्ध पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर में दर्ज झूठी एफआईआर को निरस्त की जाये तथा प्रदेश में कानून व्यवस्था को उचित ढंग से प्रभावशील किये जाने, जिससे कि भविष्य में प्रदेश की जनता के साथ होने वाली अनाचार एवं अत्याचार की घटनाओं को रोका जा सके जो कि न्यायोचित होगा । ज्ञापन सौंपते समय जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश अग्रवाल, प्रीतम दास सोनी, नईम अहमद आदि काँग्रेसजन उपस्थित रहे।

## 5 जुलाई तक ई उपार्जन पोर्टल पर मूंग,उड़द का पंजीयन

**उमरिया।** प्राईस सपोर्ट स्कीम योजना अंतर्गत ई उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग,उड़द के लिए पंजीयन प्रारंभ हो चुका है जो 5 जुलाई तक चलेगा ।कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया है । बांधवगढ़ तहसील अंतर्गत लैम्पस मुख्यालय उमरिया , अमड़ी, भरौला, विपणन सहकारी समिति उमरिया, चंदिया तहसील अंतर्गत लैम्पस मुख्यालय चंदिया, पथरहठा, कौडिय़ा 22, नरवार 25, बिलासपुर तहसील अंतर्गत बिलासपुर, निगहरी, अखड़ार, करकेली तहसील अंतर्गत लैम्पस मुख्यालय करकेली, घुलघुली , नौरोजाबाद तहसील अंतर्गत लैम्पस मुख्यालय छांदाखुर्द , मानपुर तहसील अंतर्गत लैम्पस मुख्यालय मानपुर, बरसबपुर, कछराटोला, बल्हौड़, नौगवां, परासी ध, नौगवां, पनपथा, उमरिया बकेली, कठार, सिगुड़ी, भरेवा, डोडका, इंदवार, पडखुरी, चिल्हारी, कोटरी, अमरपुर, पड़वार, सलैया, घुनघुटी, चौरी , मालाचुआ केन्द्र का निर्धारण किया गया है ।

उन्होंने बताया कि पंजीयन व्यवस्था में संशोधन कर कृषकों की सुविधा को दृष्टि से समितियो के अतिरिक्त ग्राम पंचायत कार्यालय मे स्थापित सुविधा केंद्र , जनपद पंचायत कार्यालयो मे स्थापित सुविधा केंद्र, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओ व्दारा संचालित पंजीयन केंद्र तथा एमपी किसान एप पर निशुल्क तथा एमपी आनलाइन कियोस्क , कामन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र, निजी व्यक्तियो व्दारा संचालित साइबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र और निजी व्यक्तियो व्दारा संचालित साइबर कैफे पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में बैनर प्रदर्शित किए जाएं ।उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन करने के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन समग्र सदस्य आईडी, भू अधिकार पुस्तिका, खसरा, वनाधिकार,पट्टा की प्रति , मोबाइल नंबर की जानकारी आवश्यक है । खसरा , बैंक एकाउंट,मोबाइल नंबर आधार से लिंक होना अनिवार्य है। सिकमी, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केंद्रों पर उपलब्ध होगी । उक्त श्रेणी के शत प्रतिशत किसानों के सत्यापन राजस्व विभाग व्दारा किया जाएगा। किसान पंजीयन कराने एवं फसल बेचने के लिए किसान का आधार नंबर का सत्यापन मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमैट्रिक डिवाईस से किया जाएगा।

## वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान का हुआ शुभारंभ




**उमरिया।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवकराम सोनवानी ने बताया कि तीन महीने का वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान का शुभारंभ मानपुर ब्लॉक के बरबसपुर ग्राम में किया गया । आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत अप्रचलित खातों में ईकेवायसी किए जाने, ऐसे वयस्क जिनका खाता नही है , उनका प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खाता खोलने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत पंजीयन करने तथा अटल पेंशन योजना के अंतर्गत पंजीयन करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, के अतिरिक्त बड़ी संख्या में ग्राम वासी सम्मिलित हुए। अग्रणी जिला प्रबन्धक सेवक राम सोनवानी ने बताया कि त्रैमास में जनपद की सभी 236 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में बैंकों द्वारा कैम्प का आयोजन किया जाएगा । कैम्प में 5 योजनाओं में सभी पात्र लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति ,अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना तथा इनएक्टिव खातों का पुनः केवायसी करके संतृप्त किया जाएगा।

## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**उमरिया ।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन व मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुक्तिधाम पाली परिसर में बिरसिंहपुर पाली में पाली पुलिस थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी की उपस्थिति में फलदार,छायादार व औषधीय पौधे लगाकर पौधारोपण कर पौधों के संरक्षण के उद्देश्य एवं पौधों को वृक्ष बनाने का संकल्प लिया गया। पुलिस पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने कहा कि पेड़ों की संख्या कम होने पर वातावरण में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मानव जीवन के लिए जल एवं वायु दोनों आवश्यक है।पौधरोपण आज की आवश्यकता है।



एक पेड़ मां के नाम अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान को जनता ने पूरे उत्साह के साथ अपनाया है और यह अभियान लगातार एक नई हरित क्रान्ति का रूप ले रहा है। पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने बताया कि पेड़ हमें ऑक्सीजन, फल, छाया और जीवन के अन्य अनेक आवश्यक तत्व प्रदान करते हैं। इसी प्रकार एक मां हमें अपने स्नेह, समर्थन और पोषण से जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करती है। पेड़ लगाने की इस पहल से हम अपने आस-पास के वातावरण को हरा-भरा बनाते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलता है। जागरूकता रैली व पौधारोपण के दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, शिखा बर्मन ,श्रीराम तिवारी व सभी उपस्थित रहे।

## हाईवे चौकी ने फिर पकड़ी बिना फिटनेस, परमिट चल रही स्कूल बस




**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुरक्षित स्कूल बस अभियान के तहत दूसरे दिन बुधवार को भी कार्यवाही हुई। कोयलांचल क्षेत्र के भालूमाड़ा के स्कूल बसो पर फुनगा हाईवे यातायात चौकी के प्रभारी विनोद दुबे के द्वारा चेकिंग अभियान चलाते हुए कार्यवाही की गई। 7 दिनों तक लगातार जारी रहेगा अभियान सुरक्षित स्कूल बस अभियान के तहत भालूमाड़ा क्षेत्र में संचालित निजी स्कूल बसों बैन पर हाईवे चौकी द्वारा सुबह सुबह कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान बस क्रमांक **CG**-16-**CP**-7448 बस को चेक करने पर वाहन का फिटनेस ,परमिट नहीं पाया गया। जिस पर मोटरयान अधिनियम के तहत 16,000 रूपया का जुर्माना किया गया। इसके अतिरिक्त 16 वर्ष पुरानी स्कूल बैन वाहन का रजिस्ट्रेशन एक्सपायर होने पर जप्त कर कार्यवाही की गई। अन्य स्कूल वाहनो पर भी कार्यवाही कर कुल 19,000 रूपया जुर्माना अधिरोपित किया गया। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर सुरक्षित स्कूल बस अभियान के तहत कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। 7 दिनों तक चलने वाले अभियान के कारण कोतमा नगर सहित कोयलांचल क्षेत्र के स्कूलों में लगे वाहन मालिकों एवं चालकों में हड़कंप मच गया है, वही नागरिकों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि पुलिस अधीक्षक के इस अभियान से जहां स्कूल में लगे वाहनों मलिको में लगाम लगेगी बसों में क्षमता से अधिक बच्चों को ठूंस ठूंस कर बैठाया जाता था साथ ही सुरक्षा के नाम पर बसों में कुछ भी नहीं था यहां तक की कंडम बसों को भी बच्चों को लाने ले जाने में लगाया गया था पुलिस अधीक्षक यह पहला केवल 7 दिनों तक ही नहीं पूरे साल अभियान के रूप में चलना चाहिए जिससे मनमानी पर लगाम लगेगी साथ ही आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर भी रोक लगेगी। नागरिकों ने यह भी मांग की है कि इसी अभियान के तहत स्कूल बसों का किराया भी जिला परिवहन विभाग के द्वारा निर्धारित कर देना चाहिए जिससे मनमाना किराया वसूली पर रोक लगा सके और अभिभावकों की जेब ढीली होने से बच सके।

## कबीर धर्मदास वंशावली मिशन का आयोजन संपन्न



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** ग्राम पंचायत कदम टोला पयारी क्रमांक 1 में एक ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक क्षण साकार हुआ, जब पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब की पावन उपस्थिति में कबीर धर्मदास वंशावली मिशन का आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक ऐसी आध्यात्मिक क्रांति थी, जिसमें संत कबीर साहेब की वाणी, विचार और विरासत को वर्तमान युग की चेतना से जोड़ने का कार्य हुआ।

### पंथ श्री की उपस्थिति ने बढ़ाई गरिमा

पंथ श्री उदित मुनि नाम साहेब की सशरीर उपस्थिति ने इस आयोजन को अलौकिक स्पर्श दिया। उनके पदार्पण के साथ ही सभा स्थल पर एक दिव्यता का अनुभव किया गया। अनुयायियों ने स्वागत में श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण तैयार किया, जहाँ हर चेहरा आनंद और श्रद्धा से दमक रहा था। उनकी उपस्थिति मात्र से ही आयोजन में एक नई ऊर्जा, नई दृष्टि और नवचेतना का संचार हुआ।

### कबीर वाणी के गूंजते स्वर

कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक भजन गायन से हुई। कबीर वाणी की सरलता और गहराई ने श्रद्धालुओं को भीतर तक स्पर्श किया। माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक बन गया जैसे एक पूरी पीढ़ी आत्मचिंतन की ओर उन्मुख हो रही हो। मिशन के जिला प्रमुख श्री राजू माहरा के संयोजन में यह आयोजन क्षेत्र के कोने-कोने से श्रद्धालुओं को जोड़ लाया। जनपद सदस्य केशर दास चंद्रा, मित्तल महरा, रेंजर विनोद महरा, कपिल महरा, अमित महरा, दीपक माहरा, समस्त महरा समाज एवं कबीरपंथी अनुयायीगण की उपस्थिति ने आयोजन को सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण बना दिया। पंथ उदित मुनि नाम साहेब ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवाओं को बाहरी आडंबर और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर आत्मिक सच्चाई की खोज करनी चाहिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि कबीरपंथ केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव है जो जीवन में स्थिरता, विवेक और समरसता लाता है। उनके प्रेरक विचारों ने न केवल युवाओं को सोचने पर मजबूर किया, बल्कि पूरे समाज को संत मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### आरती, प्रसादी और सामूहिक संकल्प

कार्यक्रम के अंतिम चरण में सामूहिक आरती और प्रसादी का आयोजन हुआ। पंथ श्री की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने यह संकल्प लिया कि वे कबीरपंथ की मर्यादा का पालन करेंगे, समाज सेवा को जीवन का अंग बनाएंगे और संत परंपरा को सम्मानपूर्वक आगे बढ़ाएंगे। इस आयोजन ने ग्राम पंचायत कदमतोला पायरी क्रमांक 1 को केवल एक ग्राम नहीं, बल्कि कबीरपंथीय चेतना के केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया। यहाँ केवल एक आयोजन नहीं हुआ यहाँ एक चेतना जागी, एक परंपरा सशक्त हुई और एक दिशा स्पष्ट हुई।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण के व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की लगाई ड्यूटी



**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 04 जुलाई को कोतमा में कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के जिला प्रवास के दौरान वृक्षारोपण, मॉडल स्कूल में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ कार्यक्रम आदि में भाग लेंगे एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मुख्यमंत्री के भ्रमण के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु जिले के विभागीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। कार्यक्रम के लिए संपूर्ण व्यवस्थाओं के प्रभारी अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा बनाए गए हैं। कानून व्यवस्था के लिए अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मो इसरार मंसूरी तथा कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं जिपं सीईओ ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कोतमा में आयोजित मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान सहित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ट शर्मा ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल पहुंच कर जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की एसडीओपी आरती शाक्य, तहसीलदार ईश्वर प्रधान, थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झारिया एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## शराब तस्करी के दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** फुनगा चौकी अंतर्गत पुलिस ने डेढ़ माह बाद भी शराब तस्करी करते स्कार्पियो वाहन से 369 लीटर जप्ती के मामले में फरार चल रहे आरोपियों को अभी तक नहीं पकड़ पाई है। शराब की बड़ी खेप जो शहडोल से होकर जिला में खपाने के पूर्व पुलिस ने जप्त कर लिया। फरार चल रहे आरोपियों के द्वारा न्यायालय में लगाई गई अग्रिम जमानत अर्जी भी खारिज हो गई है। पुलिस के द्वारा अनूपपुर एवं शहडोल जिला में संभावित ठिकानों में लगातार दबिश दिए जाने के बाद भी दोनों आरोपी गिरफ्त से बाहर हैं। विदित रहे की बीते दिनों चौकी के सामने पुलिस ने रात के अंधेरे में स्कॉर्पियो वाहन एमपी 18 टी 2523 को रोकते हुए शराब से लदी गाड़ी को जप्त किया गया था। रात का अंधेरे का फायदा उठाते हुए शहडोल के वाहन मालिक मिश्रा एवं एक अन्य आरोपी फरार हो गए थे। 41 पेटी अंग्रेजी शराब कीमती 2 लाख 72 हजार 480 रुपए को जप्त करते हुए मामले में अपराध क्रमांक 34 (2) आबकारी एक्ट में मामला दर्ज किया गया था। बरतराई क्षेत्र मे अवैध शराब तस्करी जोरो से चल रही है जहां पर बॉर्डर राज्य छत्तीसगढ़ एवं आस पास के जिलों से शराब की खेप लाकर क्षेत्र में खपाई जाती है।

## वेंकटनगर पुलिस ने शराब ले जा रहे दो व्यक्तियों पर की कार्यवाही




**जैतहरी।** पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान द्वारा अवैध शराब की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी एवं एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में की कार्यवाही गई। 01.07.2025 को दो व्यक्ति एक काले नीले रंग कि एसपी साइन मोटरसायकल में अवैध शराब ले जा रहे थे जिन्हें ग्रामीणों ने रोक कर रखे हैं। ग्रामीणों कि सूचना पर बताये स्थान पुराने शासकीय अस्पताल के पास ग्राम वेंकटनगर गये तो दो व्यक्ति एक काले नीले रंग कि एसपी साइन मोटर सायकल **MP** 65 **ZA** 0742 में अवैध शराब रखे थे। उनसे पूछताछ की गई तो चालक अपना नाम अभिषेक गुप्ता पिता देवराज गुप्ता उम्र 24 वर्ष व पीछे झोले में भरी शराब पकडे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजा पाठक पिता आशीष पाठक उम्र 20 वर्ष दोनो निवासी जैतहरी थाना जैतहरी का होना बताये चेक किया तो एक सफेद रंग के झोले के अंदर पावर 10000 बीयर केन 21 नग कुल 10.500 लीटर कीमती 2520 व ब्लू चिप ब्रांड शराब 21 पाव कीमती 2352 रूपये व आरएस ब्रांड 02 पाव कुल कीमती 520 कुल अंग्रेजी शराब 14.280 लीटर कुल किमती 5392 रुपये की देशी अंग्रेजी शराब पाई गई तथा घटना में प्रयुक्त एसपी साइन मोटर सायकल कीमती 80000 रुपये कुल मशरूका 85352 रूपये जो विधिवत जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। अप. धारा 34 (ए) अबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### पटेल नगर में चोरी से दिया जा रहा नल कनेक्शन

**ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत भोगिया रोड पटेल नगर में नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा कुछ स्थानीय लोगों को नगर परिषद में बिना रसीद कटाये उनको कनेक्शन दे दिया गया नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा स्वयं अपने यहां भी नल कनेक्शन निशुल्क रूप से कर लिया । स्थानीय लोगों की मांग रही थी नए कनेक्शन की जांच गहन रूप से करें वैधानिक कनेक्शन से यह नुकसान है कि उनका कोई रसीद भी नहीं कटवानी पड़ेगी साथ ही उनके महीना वाला बिल भी फ्री रहेगा नगर वासियों द्वारा कलेक्टर से मांग की गई थी पटेल नगर में नए किए गए कनेक्शनों की गहराई से जांच की जाए जिससे नगर परिषद को छत पहुंचने वाले कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

### शहडोल मार्ग पर कार बाइक भिड़ंत बाइक सवार घायल

**बुढार।** मंगलवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे शहडोल नेशनल हाईवे पर कार बाइक आमने-सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार को घायल अवस्था में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।इस दुर्धटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हुंडई कार क्रमांक एमपी 65 सी 3932 के अज्ञात चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन को चलते हुए बाइक सवार नवीन साहू पिता नंदकिशोर उम्र 25 वर्ष को ठोकर मारी दी जिससे उसके कमर एवं पैर पर गंभीर चोटों आईं हैं मौके से घायल को मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।जिसकी थाने में घायल के भाई अनिकेत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेरे भाई नवीन घर से राजेन्द्रा कालरी जा रहा था और रास्ते में कार चालक ने एक्सीडेंट कर भाग गया है,जिसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281,125,ए 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार को जप्त कर लिया है।

### केवाईसी करने का कार्य निरंतर जारी

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में अभियान चलाकर लोगो का समग्र ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत अतरिया, बरूका, खरला सहित अन्य ग्राम पंचायतों में समग्र ई-केवाईसी का कार्य किया गया। इसी तरह जिले की 5 जनपद पंचायतों तथा नगरीय निकायों में भी समग्र ई-केवायसी करने का कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है।

### हर्री में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**शहडोल।** पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार धरती आबा जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्री में एक प्रेरणास्पद एवं जागरूकता पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान 15 जून से 30 जून 2025 तक प्रदेश के 550 महाविद्यालयों में एक साथ चलाया गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण जनभागीदारी के माध्यम से समाज में जागरूकता जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन योजना और आजीविका से संबंधित लाभ जैसे प्रमुख व्यक्तिगत अधिकारी की जानकारी प्रदान करना है।«हर्री ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम सचिव जगदीश चौधरी, पंचायत सुपरवाइजर एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल एवं सार्थक बनाया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों को सरकारी दस्तावेजों, सरकारी योजनाओं के साथ साथ पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूक करते हुए वृक्षारोपण, वर्षा जल संचयन, एवं जैविक खेती के लाभों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्रामवासियों के उत्साह को देखकर यह स्पष्ट हुआ ।

# 9 जुलाई की राष्ट्रीय हड़ताल को लेकर संयुक्त मोर्चा ने बनाई रणनीति

**आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए संयुक्त मोर्चा एचएमएस, इंटक, एटक और सीटू की संयुक्त बैठक 27 जून को आयोजित की गई। बैठक में हड़ताल की रूपरेखा और गेट मीटिंग्स की तिथियों पर विचार-विमर्श कर रणनीति तय की गई।**





धनपुरी।

हड़ताल की जागरूकता के लिए 5000 पर्चों का वितरण भी किया जाएगा। साथ ही विभिन्न माइनों में गेट मीटिंग्स का आयोजन 01 जुलाई से 05 जुलाई तक किया जाएगा, जिसमें कर्मचारियों को हड़ताल में भाग लेने हेतु प्रेरित किया जाएगा।गेट मीटिंग्स की प्रमुख तिथियाँ: 01 जुलाई: ढोबिन माइंस, बंधा माइंस,02 जुलाई: राजेंद्र माइंस,03 जुलाई: बंगाल माइंस,04 जुलाई: श्रीरामपुर माइंस,05 जुलाई: झुमरी तिलैया ऑफिस 06 जुलाई: सामूहिक बड़का माइंस,07 जुलाई: समापन समीक्षा बैठक, 04 बजे बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ध्वनि प्रणाली एवं माइक की व्यवस्था संयुक्त मोर्चा द्वारा की जाएगी।कोयला उद्योगों में कार्यरत मजदूरों पर केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) का सीधा प्रभाव पड़ने जा रहा है। इससे आक्रोशित होकर एचएमएस, एटक, इंटक और सीटू जैसे प्रमुख श्रमिक संगठनों ने संयुक्त मोर्चा के तहत हड़ताल की चेतावनी दी है। संगठनों का कहना है कि नई संहिताएं मजदूरों के अधिकारों और सुरक्षा को छीनने वाली हैं।क्यों उठी हड़ताल की नौबत?संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना है कि चारों श्रम संहिताएं लागू होने से निम्न दुष्प्रभाव मजदूरों पर पड़ेंगे:स्थायी रोजगार की गारंटी खत्म: कोड लागू होने के बाद स्थायी नौकरी की अवधारणा लगभग समाप्त हो जाएगी, जिससे लाखों मजदूरों का भविष्य असुरक्षित हो जाएगा। श्रमिक कल्याण योजनाएं होंगी सीमित: भविष्य निधि, बोनस, बीमा, मातृत्व लाभ और दुर्घटना मुआवजा जैसे अधिकारों पर प्रभाव पड़ेगा।मजदूरों की आवाज कमजोर: श्रमिकों की शिकायतों की सुनवाई के लिए अब कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं होगी।'फैसिलिटेटर्स' होंगे तैनात: श्रम निरीक्षकों की जगह 'फैसिलिटेटर्स' नियुक्त किए जाएंगे, जिनके पास न तो निरीक्षण की शक्ति होगी और न ही कार्रवाई करने का अधिकार। सभी प्रमुख श्रम कानून समाप्त: 29 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर दिया गया है जिनमें फैक्ट्री एक्ट 1948, बोनस एक्ट 1965, ग्रेच्युटी एक्ट 1972, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 आदि शामिल हैं।मजदूर बोले – नहीं सहेंगे शोषणसंयुक्त मोर्चा ने आरोप लगाया है कि ठेका मजदूरों का निरंतर शोषण हो रहा है। न ही समय पर वेतन भुगतान हो रहा है और न ही उच्च स्तरीय कमेटी की सिफारिशों के अनुसार मजदूरी दी जा रही है। यही नहीं, ESI और EPF जैसी सुविधाएं भी मजदूरों को नहीं मिल रहीं।यह बोले संयुक्त मोर्चा के नेतासंयुक्त मोर्चा के नेताओं ने एक सुर में कहा कि यदि सरकार ने श्रमिक विरोधी संहिताएं वापस नहीं लीं, तो कोयला खदानों में व्यापक स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस आंदोलन में शामिल प्रमुख नेता हैं:रावेंद्र शुक्ला, राजेश चंद्र शर्मा, मुकेश राय, संतोष गुप्ता, डी.आर. मोहल्लदार, दीपक (AITUC), अरुण गौतम, राकेश राय (CITU), शंभु पांडे, अमरजीत सिंह (INTUC), राकेश पांडे, नीरज चतुर्वेदी (HMS)।नेताओं ने साफ कहा कि देशभर की कोयला खदानों में काम करने वाले मजदूर अगर एकजुट हो जाएं, तो सरकार को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ेगा।

# अभिनव पाण्डेय का पहले ही प्रयास में एनडीए में चयन, वायुसेना में शामिल होकर करेंगे देश सेवा

मानपुर



अनुशासन, कड़े परिश्रम और सही मार्गदर्शन से किसी भी सपने को साकार किया जा सकता है। वायुसेना में अफसर बनकर देश की सेवा करने का सपना मानपुर के रहने वाले अभिनव पाण्डेय ने संघ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित एनडीए की परीक्षा पास करके साकार किया है। मानपुर निवासी अभिनव पाण्डेय के एनडीए में चयनित होने पर शहरवासियों में उत्साह का माहौल है। अभिनव शहडोल सम्भागीय मुख्यालय के कोतवाली थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक रामराज पाण्डेय और सीएम राइज स्कूल में हिंदी की व्याख्याता स्मिता पाण्डेय के सुपुत्र हैं। अभिनव ने अपनी उपलब्धि के बारे जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष 1 सितम्बर को आयोजित एनडीए की परीक्षा में उनका चयन वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। अभिनव की प्रारंभिक शिक्षा पाली स्थित सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल से हुई है। उन्होंने अपनी उच्चतर माध्यमिक शिक्षा राजस्थान के कोटा स्थित अकलंक पब्लिक स्कूल से हासिल की है।

### पुलिस सेवा में रहा है पाण्डेय परिवार

अभिनव के दादा छत्रपाल पाण्डेय पुलिस विभाग में निवर्तमान सहायक उपनिरीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। दादी सुशीला पाण्डेय ने भी अभिनव की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। दादा छत्रपाल पाण्डेय ने खुशी साझा करते हुए कहा कि हमारे परिवार से कई लोगों ने भारतीय सेना और पैरामिलिट्री फोर्सेस में शामिल होकर देश की सीमाओं की रक्षा की है। लेकिन ये पहली बार है जब हमारे परिवार से हमारे नाती का चयन वायुसेना में सीधे अफ़सर के पद पर हुआ है।

अभिनव का चयन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के लिए हुआ है। वहां वे तीन साल के कड़े प्रशिक्षण के बाद फाइटर प्लेन उड़ाने की ट्रेनिंग हेतु इंडियन एयर फोर्स अकादमी हैदराबाद जाएंगे, उसके बाद भारतीय वायुसेना में बतौर फ्लाईंग ऑफिसर अपनी सेवाएं देंगे।

**शहडोल पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित:** शहडोल पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने अभिनव की उपलब्धि पर उन्हें अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया और अपनी शुभकामनाएं दी हैं। अभिनव की इस उपलब्धि पर चाचा डॉ अनिल कुमार पाण्डेय, चाची डॉ पूजा पाण्डेय, बहन जया पाण्डेय और छोटे भाई शौर्यमन पाण्डेय सहित रिश्तेदार और मित्रों ने उन्हें अपनी बधाईयां प्रेषित की हैं।

### तिलक लगाकर नव प्रवेशित छात्राओं को कराया गया प्रवेश

**शहडोल। मध्य प्रदेश शासन उच्च** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मंगलवार को शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय, शहडोल में दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। दीक्षारंभ समारोह में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्रोफेसरो ने तिलक लगाकर तथा करतल ध्वनि से स्वागत किया। दीक्षारंभ समारोह में बताया गया कि छात्र छात्राओं का विद्यालय से महाविद्यालय में आगमन के साथ ही एक संक्रमण काल प्रारंभ हो जाता है। विद्यालय की तुलना में यहां स्वतंत्रता अधिक होती है जिसका नकारात्मक एवं सकारात्मक उपयोग स्वयं छात्र छात्राओं पर निर्भर होता है इसलिए इस काल में छात्र छात्राओं को प्रत्येक कदम बड़े सावधानी के साथ बढ़ाना चाहिए। दीक्षारंभ समारोह में आध्यात्म एवं योग से जोड़ते हुए संदेश दिया की महाविद्यालयीन वातावरण के नैतिक होने पर ही शैक्षणिक सार्थकता हासिल हो सकेगी। विद्यार्थी मन लगाकर के पढ़ाई करें। दीक्षारंभ समारोह में प्रोफेसरो द्वारा महाविद्यालय के स्वशासी प्रकोष्ठ की भूमिका, परीक्षा संरचना तथा पाठ्यक्रम, ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया जैसे अन्य विषयों पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारियो से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय के प्रोफेसर कुमुद शानुया, यमुना धुर्वे, सुनील सक्सेना, सीएनपी मिश्रा



# लगातार प्रकाशित खबरों से एक्शन में आया कृषि विभाग

### सतीश खाद बीज भंडार पर हुई कार्रवाई

**ब्यौहारी** जनपद पंचायत ब्यौहारी- के अंतर्गत ग्राम 29/06/25 को सतीश खाद बीज भंडार ओदारी द्वारा बिना लाइसेंस के धान का विक्रय किया जा रहा था जानकारी मिलते ही कृषि विभाग द्वारा संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई की गई कार्रवाई में एस एएडीओ प्रदीप कुशवाहा, अभिषेक तिवारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ब्यौहारी-, एवं सैंपलिंग अधिकारी विनोद बागरी शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान सतीश खाद बीज भंडार से 8 क्विंटल धान बिना लाइसेंस के बिक्री करना पाया गया जिसकी जब्ती की गई_ कार्रवाई के लिए जिला कार्यालय को भेजा गया है कार्रवाई की भनक लगते हैं अमानक खाद और बीच बेचने वाले दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति मच गई अभिषेक तिवारी ने कहा है कि हमें जहां भी जानकारी मिलती है हम तुरंत वहां पहुंचकर कार्रवाई करते हैं इसके अलावा दुकानों की रेंडम चेकिंग भी की जा रही है गड़बड़ी मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सहायक संचालक को नहीं किया जा रहा रिलीज आखिर कौन है संरक्षणदाता




ब्यौहारी।

शहडोल जिला एवं विकासखंडों में अमानक खाद बीज बिक्री को लेकर के लगातार शिकायतें मिल रही थी जिसमें जन प्रतिनिधियों द्वारा उपसंचालक आरपी झरिया एवं सहायक संचालक रमेंद्र कुमार सिंह का स्थानांतरण शासन स्तर से कर दिया गया रमेंद्र कुमार सिंह जिनकी काफी शिकायतें उनका स्थानांतरण मुरैना के लिए किया गया मध्य प्रदेश शासन के कृषि मंत्रालय सचिव कृषि के हस्ताक्षर दिनांक 17 जून 2025 को सूची जारी की गई जिसमें रमेंद्र कुमार सिंह का स्थानांतरण शहडोल से मुरैना के लिए किया गया जो भार मुक्त न होकर जनप्रतिनिधियों से राजनीतिक दबाव दिलवा कर अभी भी शहडोल में बने हुए तथा खाद बीज व्यापारियों से अवैधानिक रूप से भरी भरकम राशि की वसूली की जा रही है जो दुकानदार पैसा नहीं देते उनकी खाद बीज की सामग्री जप्त कार्रवाई की जाती है जो पैसा देता है उसके यहां नमूना नहीं लिया जाता जो पैसा देता है उनको छोड़ दिया जाता सहायक संचालक कृषि पत्र क्रमांक 2063 दिनांक 30.6.2025 को भार मुक्ति संबंध में जानकारी चाहिए गई किंतु इसके बाद भी भार मुक्त नहीं हुआ शासन प्रशासन से जिले वासियों ने सहायक संचालक को तत्काल भार मुक्त करने की मांग की है।

### इनका कहना है।

कलेक्टर के आदेश पर रोका गया है उनको भी शीघ्र भारमुक्त किया जाएगा।

**संग्राम सिंह मरावी सहायक संचालक कृषि शहडोल।**

### पर्यावरण संरक्षण की ओर एक सार्थक पहल राष्ट्रीय बजरंग दल का संकल्प

# जिले में 500 पौधे लगाए जाएंगे





धनपुरी।

राष्ट्रीय बजरंग दल समाज कल्याण की दिशा में निरंतर सक्रिय है। इसी कड़ी में जिला कार्यालय से जानकारी मिली है कि बजरंग दल जिलेभर में 500 पौधे लगाने की योजना पर कार्य कर रहा है।इस पहल के अंतर्गत गत 2 जुलाई को मेहुल श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने बुढ़ार के ग्रीन बेल्स स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री नरेश चौरसिया, प्राचार्य प्रफुल्ल देव सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर लखन मुढ़ानी, विक्की पटेल, नरेंद्र पटेल, छोटू सिंह, शैलेन्द्र उर्फ बिट्टू सिंह, अक्षत गुप्ता, प्रथम शर्मा, शिवम तिवारी, प्रदीप व अन्य कार्यकर्ताओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेहुल श्रीवास्तव ने कहा, ₹हम जिले में वृक्षारोपण को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सामाजिक पहल के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। हमारी टीम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर यह कार्य कर रही है।₹उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधे को गोद लेना चाहिए। इससे समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलेगी और यह दूसरों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।अंत में मेहुल श्रीवास्तव ने सभी से अपील की कि जब भी समय मिले, एक पौधा अवश्य लगाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

# अमिलिहा हत्याकाण्ड के आरोपियों को पकड़ने में नाकाम पुलिस, स्थानीय लोगों का फूटा आक्रोश, आईजी को सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** संभाग अंतर्गत आने वाले ग्राम अमिलिहा में 4 जून की दरम्यानी रात हुई शिवदयाल शुक्ला की नृशंस हत्या ने पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है। इस घटना के बाद से मृतक के परिवारजनों तथा स्थानीय निवासियों में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर आक्रोश व्याप्त है। 25 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों का पता लगाने में नाकाम रही है, जिससे ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। उमरिया जिले के थाना पाली चौकी घुनघुटी के अमिलिहा गांव के निवासी शिवदयाल शुक्ला की हत्या 25 दिन पहले उनके घर में अज्ञात बदमाशों ने की थी। शिवदयाल का घर हाईवे के किनारे स्थित है, और वह एक किराना व्यापारी थे, अज्ञात आरोपियों ने पहले घर में लूट की वारदात की और किराना व्यापारी की हत्या कर फरार हो गए थे, घटना के समय घर में शिवदयाल की बूढी मां मौजूद थी जो कुछ सुन बोल नहीं सकती है। दूसरे दिन जब सुबह आस पड़ोस के लोग दुकान पहुंचे तो, दुकान बंद थी, दरवाजा खोल कर देखा तो शिवदयाल का शव खून से लथपथ घर के अंदर पड़ा था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, घटना दिनांक से आज तक आरोपी नहीं पकड़े गए हैं। जिसके बाद से लोगों में काफी गुस्सा है। मृतक के परिवार ने अपनी जान की सुरक्षा के चलते अपने घर को छोडक़र शहडोल में किराए के मकान में शरण ले ली है। घटना के बाद से गांव के लोग बेहद चिंतित हैं और उन्हें हर समय खतरे का एहसास हो रहा है।



**कराई जाये उच्च स्तरीय जांच -** स्थानीय निवासियों ने इस संबंध में आईजी को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। गांव के एक वरिष्ठ नागरिक ने कहा, हम इस घटना से पूरी तरह से भयभीत हैं। हम अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और चाहते हैं कि पुलिस जल्द से जल्द हत्यारों को पकडक़र हमें न्याय दिलाए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुलिस की जांच में लापरवाही उनकी सुरक्षा के लिए खतरा बन गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पुलिस थाना पाली की निष्क्रियता के कारण गांव के सभी निवासी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ज्ञापन में उल्लेखित है कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक है कि उच्च स्तरीय जांच की जाए और दोषियों को दंडित किया जाए।

**पुलिस करे ठोस कार्यवाही -** बुधवार को इस मामले में शहडोल आईजी कार्यालय के बाहर सैंकड़ों लोगों ने इक_ा होकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेखित मांगों को लेकर सभी ने एक सुर में आवाज उठाई, हम न्याय की मांग करते हैं। मृतक के रिश्तेदार ने कहा प्रत्यूष गौतम ने कहा हमें यह नहीं पता कि पुलिस इतनी समय क्यों ले रही है। क्या हमारे जीवन की कोई कीमत नहीं है? उनकी बातों में गहरी चिंता और आक्रोश झलक रहा था। जैसे-जैसे समय बीत रहा है, गांव के लोगों की परेशानिया बढ़ती जा रही हैं। इस भयावह घटना से प्रभावित लोग अब न्याय की उम्मीद लगाए बैठें हैं कि पुलिस शीघ्र ही इस मामले में ठोस कार्रवाई करेगी। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वे मामले की गंभीरता को समझते हुए त्वरित कार्रवाई करें और हत्यारों को सलाखों के पीछे डालें।

